यूजेवीएन लिमिटेड़

(पूर्ववर्ती उत्तराखण्ड जल विद्युत निगम लि0)
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
देहरादून।

लखवाड़ व्यासी परियोजना भूमि प्रभावित श्रेणी हेतु तृतीय श्रेणी के सीधी भर्ती के पदों पर चयन हेतु अभ्यर्थियों के अभिलेख सत्यापन के सम्बन्ध में ''आवश्यक सूचना''।

यूजेवीएन लिमिटेड द्वारा प्रकाशित विज्ञापन संख्या RECTT/01/2016 दिनॉक 07–06–2015 एवं शुद्धि पत्र दिनांक 29–06–2016 के क्रम में लखवाड़ व्यासी परियोजना के भूमि प्रभावितों हेतु तृतीय श्रेणी के सीधी भर्ती के रिक्त पदों हेतु लिखित परीक्षा **दिनांक 31–08–2016 एवं 01–09–2016** को सम्पन्न करायी गई थी। उक्त परीक्षा का परिणाम यूजेवीएन लिमिटेड की वैबसाईट www.ujvnl.com के Recruitment शीर्षक के अन्तर्गत प्रकाशित किया गया है। सम्बन्धित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि अवर अभियन्ता (प्रशिक्षु) (ईएण्डएम) एवं (सिविल) एवं टैक्नीशियन ग्रेड–।। (विद्युत) एवं (यांत्रिक) के पदों हेतु उक्त परीक्षा में चयन की परिधि में आने वाले अर्ह अभ्यर्थियों के अभिलेख सत्यापन दिनांक 06–12–2016 (मंगलवार) एवं 07–12–2016 (बुधवार) को **लाइब्रेरी हॉल, गंगा भवन, यमुना कालोनी, देहरादून** में प्रातः 10:00 बजे से आरम्भ किया जायेगा। लिखित परीक्षा परिणाम के आधार पर चयनित पद पर चयन किये जाने हेतु आप निम्नलिखित प्रमाण–पत्रों की मूल प्रतियों (Originals) तथा सभी प्रमाण–पत्रों की एक–एक छायाप्रति स्वप्रमाणित (self attested) सहित निर्धारित कार्यक्रमानुसार स–समय उपस्थित हों।

आशुलिपिक–ग्रेड–।।।, कार्यालय सहायक तृतीय एवं कार्यालय सहायक तृतीय (लेखा) के पदों हेतु लिखित परीक्षा के आधार पर उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को 1:4 की संख्या (चार गुना अनुपात में) टाईप टैस्ट (कम्प्यूटर टैस्ट)/सार्ट हैन्ड की परीक्षा के लिए बुलाया गया है। यह परीक्षा दिनांक 12.12.2016 को आयोजित की जायेगी। अतः हिन्दी एवं अंग्रेजी टंकण परीक्षा/कम्प्यूटर टैस्ट/सार्ट हैन्ड के लिए अर्ह अभ्यर्थी दिनांक 12.12.2016 को निम्न प्रमाण–पत्रों/अभिलेखों के साथ प्रशिक्षण कक्ष ''उज्जवल'', महारानीबाग, देहरादून में प्रातः 10:30 बजे उपस्थित हों। यह परीक्षा केवल Qualifying प्रकार की है।

प्रमाण पत्रों की सूचीः–

1- लिखित परीक्षा का प्रवेश पत्र।
2- उपरोक्त पद हेतु विज्ञापन के अनुसार उत्तराखण्ड राज्य के अन्तर्गत रोजगार कार्यालय का वैध प्रमाण पत्र।
3- आयु से संबंधित प्रमाण पत्र (हाई स्कूल प्रमाण पत्र)।
4- लखवाड–व्यासी भूमि प्रभावित श्रेणी का पुर्नवास अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण–पत्र।
5- श्रेणी (Category): उत्तराखण्ड सरकार के सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत श्रेणी (एस0सी0, एस0टी0, ओ0बी0सी0–(Non Creamy Layer) का नवीनतम प्रमाण पत्र (यदि आप पर लागू हो)।
6- उपश्रेणी (Sub-Category): उत्तराखण्ड महिला के लिए स्थाई निवास प्रमाण पत्र, विकलांग, भूतपूर्व सैनिक, स्वतंत्रता संग्राम सैनानी के आश्रित, उत्तराखण्ड आन्दोलनकारी, कुशल खिलाड़ी के लिए उत्तराखण्ड शासन द्वारा जारी प्रमाण पत्र (यदि आप पर लागू हो)।
7- उपरोक्त पद हेतु आपके आवेदन पत्र में दर्शायी गयी शैक्षिक योग्यताओं के अंक पत्र तथा प्रमाण पत्र।
8- आपके आवेदन पत्र में दर्शायी गयी तकनीकी योग्यताओं के अंक पत्र तथा प्रमाण पत्र।
9- अप्रैन्टिसशीप प्रमाण पत्र (यदि लागू हो)।

10- अनुभव प्रमाण पत्र (यदि लागू हो)।
11- रोजगार के सम्बन्ध में शपथ–पत्र (निर्धारित प्रारूप पर)
12- अनापत्ति प्रमाण प़त्र (एनओसी) यदि केन्द्र/राज्य सरकार के किसी विभाग या उपक्रम में सेवारत हैं।
13- अन्य संबंधित प्रमाण पत्र, यदि कोई हो।

कृपया इस सम्बन्ध में अवगत कराना है कि उपरोक्त बिन्दु संख्या 11 पर वर्णित शपथ–पत्र (जिसकी प्रति निगम की वैबसाईट पर उपलब्ध है) को उपरोक्त अभिलेख सत्यापन के समय मूलरूप से प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा तथा इसके अभाव में सम्बन्धित अभ्यर्थी के अभ्यर्थन पर विचार नहीं किया जायेगा।

कृपया इस सन्दर्भ में अभ्यर्थी यह भी नोट करें कि यदि आप निर्धारित तिथि को अभिलेख सत्यापन हेतु उपस्थित नहीं होते हैं अथवा आपकी ओर से इस सम्बन्ध में कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो यह समझा जायेगा कि आप उपरोक्त पद पर चयन हेतु इच्छुक नहीं हैं तथा आपकी पात्रता निरस्त कर दी जायेगी।

महाप्रबन्धक (का0 एवं औ0सं0)